श्री सौरभ कुमार, माननीय स.वि.प. से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न संख्या-1/204/163 से
उद्भूत आश्वासन संख्या-01/204

प्रश्न-	सरकारी आश्वासन	अद्यतन कार्यान्वयन प्रतिवेदन
(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड लौरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत तेलपुर में मसान नदी के तट पर गाइड बांध नहीं होने से तेलपुर की पश्चिमी दिशा में मसान नदी का बहाव उत्तर से दक्षिण की तरफ है; (ख) क्या यह सही है कि उक्त नदी का कटाव पूरब की दिशा में हो गया है, बरसात के दिनों में विकराल रूप में कटाव करते हुए गांव में नदी का पानी प्रवेश कर जाता है, साथ ही पूरा गांव पानी में डूब जाता है और छात्राओं को स्कूल जाने में परेशानी होती है; (ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी पर गाइड बांध बनाने का विचार रखती है, यदि हो तो कबतक ?	वस्तुस्थिति यह है कि पश्चिम चम्पारण जिलान्तर्गत लौरिया प्रखंड के पंचायत तेलपुर में मसान नदी पर कोई तटबंध निर्मित नहीं है। वर्तमान में मसान नदी का बहाव तेलपुर की पश्चिम दिशा में उत्तर से दक्षिण की तरफ है। वर्तमान में प्रश्नगत स्थल पर मसान नदी से कोई कटाव नहीं हो रहा है। बाढ़ अवधि के दौरान नदी अत्यधिक जलश्राव प्रवाहित होने पर नदी का पानी आस-पास के गाँवों में फैल जाता है। वर्तमान में स्थल सुरक्षित है। बाढ़ अवधि 2023 के दौरान कटाव परिलक्षित होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा जायेगा। मसान नदी के बायें एवं दायें किनारे पर तटबंध निर्माण के लिए विस्तृत योजना प्रतिवेदन विभाग द्वारा तकनीकी एप्रेजल हेतु गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग, भारत सरकार में समर्पित किया गया है, जिसपर गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग द्वारा की गई पृच्छा के आलोक में संशोधित विस्तृत योजना प्रतिवेदन तैयार किया जा रहा है. जिसे एक माह में समर्पित कर दिया जायेगा।	वस्तुस्थिति यह है कि ग्राम पंचायत तेलपुर के पास मसान नदी पर तटबंध निर्मित नही है। मसान नदी के बाँया एवं दाँया तटबंध निर्माण हेतु संशोधित विस्तृत योजना प्रतिवेदन गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग को समर्पित है, जिसके स्वीकृति के पश्चात् अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। समर्पित विस्तृत योजना प्रतिवेदन में प्रश्नगत स्थल पर भी तटबंध निर्माण का कार्य प्रस्तावित है।

P.T.O

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–01 / 2023– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, बिहार, पटना को 204वें सत्र में उनके ज्ञापांक–1189(6) दिनांक–14.08.2023 से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न सं0–01 / 204 / 163 से उदभूत आश्वासन सं0–01 / 204 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–01 / 2023– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–01 / 2023– पटना, दिनांक–
प्रतिलिपि– अवर सचिव, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0प0आ0(मुज0)–12–01 / 2023– 4462 पटना, दिनांक– 06/10/2026
प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

06.10.26
(अनुप रंजन पाण्डेय)
सरकार के अवर सचिव

06/10/26